# जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त का कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

## (समाज कल्याण शाखा)

## सूचना

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–2757 दिनांक–12.10.2018 के आलोक में पूर्वी सिंहभूम जिले में अवस्थित सम्प्रेक्षण गृह के अधीन सृजित पद समूहों के विरुद्ध समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS)के अनुसार चिन्हित पदों के अनुसार संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन (विहित प्रपत्र) में आमंत्रित किये जाते है।

| क्र0 | पदनाम | पद की संख्या | आरक्षण कोटि | संविदागत मासिक पारिश्रमिक राशि | न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गृहपति | 1 | अनारक्षित | 16188/– | स्नातक |
| 2 | परामर्शी | 1 | अनारक्षित | 31311/– | स्नातकोत्तर (समाजविज्ञान/मनोविज्ञान) |
| 3 | परिवीक्षा पदाधिकारी | 1 | अनारक्षित | 28755/– | विधि स्नातक |
| 4 | पारा चिकित्सा कर्मी | 1 | अनारक्षित | 15123/– | इण्टर (पाराचिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम में डिप्लोमा) |

क. <u>संविदा पर नियुक्ति की शर्तः–</u>

(i) संविदा एक वर्ष हेतु अनुमान्य होगा। आवश्यकतानुसार अग्रेतर वार्षिक कार्य मूल्यांकन के आधार पर अनुबंध अवधि का विस्तार किया जायेगा।

(ii) कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर संविदा के आधार पर अनुबंधित व्यक्तियों को एक माह की नोटिस पर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

(iii) संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मियों का स्थाई नियोजन नहीं होगा बल्कि स्वीकृत मानदेय के विरुद्ध उन्हें कार्य करने के लिए अनुबंधित किया जायेगा।

(iv) विभागीय निर्देश के आलोक में आवश्यकतानुसार विज्ञापन की शर्तों एवं पदों की संख्या में संशोधन कर सकता है।

(v) संविदा पर नियुक्त कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक राशि के संबंध में योजना–सह–वित विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा जो भी निर्णय लिया जायेगा वह मान्य होगा।

(vi) संविदा पर नियुक्त कर्मियों का कैलेण्डर वर्ष के लिए राज्य कर्मियों के अनुसार आकस्मिक अवकाश देय होगा परन्तु वे किसी अन्य अवकाश के हकदार नहीं होगें।

(vii) संविदा पर नियुक्त कर्मी का पद स्थानान्तरणीय नहीं होगा।

(viii) संविदा पर नियुक्त कर्मी के लिए राज्य कर्मियों की तरह आचार संहिता लागू होगा।

## (ख) संविदा पर नियुक्ति की प्रक्रियाः—

(i) संविदा आधारित नियुक्ति के नियमितीकरण के संबंध में किसी प्रकार का दावा अमान्य है। संबंधित जिला के उपायुक्त संविदा आधारित पदधारकों के नियुक्ति प्राधिकार होंगे।

(ii) चयनित अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित सभी प्रमाण—पत्रों का सत्यापन नियुक्ति के तीन माह के अन्दर प्रमाण—पत्र निर्गत करने वाली संस्थान से कराना सुनिशिचित किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों का पुलिस सत्यापन कराया जायेगा।

(iii) संविदागत नियुक्ति की प्रक्रियात्मक कार्रवाई में चयन समिति की अनुशंसा पर उपायुक्त का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

(iv) चयन में आरक्षण नियमों का अनुपालन किया जायेगा। चयनित कर्मियों के नाम सूचना फलक पर प्रदर्शित किये जायेंगे।

(v) एक से अधिक पदों पर आवेदित करने वाले अभ्यर्थियों का प्रत्येक पद के लिए अलग—अलग आवेदन करने होंगे।

(vi) झारखण्ड के आधिवासियों को इस नियुक्ति में अधिमानता दी जायेगी।

## (ग) चयन का मापदण्डः—

चयन में साक्षात्कार का प्रावधान नहीं होगा। अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता के निम्नांकित प्रत्येक स्तर पर प्राप्त अंक का प्रतिशत ज्ञात कर प्रारम्भिक मेधा सूची तैयार की जायेगी।

| क्र0 | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मापदण्ड का प्रतिशतता | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मैट्रिक | इन्टर | स्नातक | स्नातकोत्तर | कुल प्रतिशतता |
| 1 | गृहपति | स्नातक | 30 | 30 | 40 | - | 100 |
| 2 | परामर्शी | स्नातकोत्तर (समाज विज्ञान / मनोविज्ञान) | 20 | 20 | 30 | 30 | 100 |
| 3 | परिवीक्षा पदाधिकारी | विधि स्नातक | 30 | 30 | 40 | - | 100 |
| 4 | पारा चिकित्सा कर्मी | इन्टर (पारा चिकित्सा स्नातक पाठयक्रम में डिप्लोमा) | 30 | 30 | 40 | - | 100 |

उक्त आधार पर प्रत्येक पद के लिए पृथक—पृथक प्रारम्भिक मेधा सूची तैयार की जायेगी। प्रत्येक पद की रिक्ति के पाँच गुणा अभ्यर्थियों का चयन शीर्ष प्रारम्भिक मेधा सूची के अनुसार किया जायेगा एवं उनका कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग जॉच परीक्षा के लिए की जायेगी।

कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग में क्रमशः 20 एवं 30 शब्द प्रति मिनट शुद्धता सहित उतीर्ण होना आवश्यक है। कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाइपिंग में किसी अंक का देयता नहीं है। टाइपिंग शुद्धता सहित उत्तीर्णता के आधार पर अन्तिम मेधा सूची तैयार कर सदस्य सचिव द्वारा चयन समिति के अनुशंसा के लिए उपस्थापित की जायेगी। चयन संमिति की अनुशंसा पर उपायुक्त द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर संविदागत शर्तों / निर्धारित मानदेय सहित नियुक्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।

चयन के लिए उम्र सीमा:–

आयु की गणना हेतु तिथि–01.08.2023

| कोटि | न्यूनतम आयु (वर्ष में) | अधिकतम आयु (वर्ष में) | दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित | 21 | 35 | 40 |
| अत्यन्त पिछडा वर्ग/पिछडा वर्ग | | 37 | 42 |
| महिला अनारक्षित | | 38 | 43 |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरुष एवं महिला) | | 40 | 45 |

आवेदन की प्रक्रिया:–

इच्छुक उम्मीदवार संलग्न विहित आवेदन प्रपत्र के साथ निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो की स्वअभिप्रमाणित प्रति संबंधित जिला के उपायुक्त कार्यालय को दिन. ांक:..20/12/2023.तक विहित प्रपत्र में भरकर समर्पित करेंगे:–

1. मैट्रिक अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र
2. इन्टर अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र।
3. स्नातक अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र।
4. स्नातकोत्तर अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र।
5. आवासीय प्रमाण–पत्र।
6. जाति प्रमाण–पत्र।
7. अतिरिक्त वांछित शैक्षणिक योग्यता/डिप्लोमा प्रमाण–पत्र।

अन्य शर्तें

1. वित्त विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–4569/वि0 दिनांक 05.07.2002 में निहित शर्तों /प्रक्रिया, योजना सह वित्त विभाग एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत मार्ग–निदेशों के आलोक में संविदा आधारित नियुक्ति की कार्रवाई की जायेगी।

आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि..20/12/2023 है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना एवं आवेदन पत्र जिले के वेबसाईट www.jamshedpur.nic.in पर उपलब्ध है।

नोट:–इस विज्ञापन में संशोधन अथवा रद्द करने की शक्ति उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के पास सुरक्षित रहेगी।

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर।

ज्ञापांक– 1192 दिनांक 01/12/23
प्रतिलिपिः–जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त विज्ञापन को सभी स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः–जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त विज्ञापन को www.jamshedpur.nic.in पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर।

16

# आवेदन हेतु विहित प्रपत्र

सेवा में,

उपायुक्त,

..............................................।

1. पद का नाम ........................ पद कोड/क्रम संख्या ..................... आवेदित जिला ..........................
2. आवेदक का नाम ..........................................................................
3. पिता/पति का नाम ..........................................................................
4. जन्म तिथि ..........................................................................
5. स्थायी पता ..........................................................................

स्वअभिप्रमाणित फोटो

..........................................................................

..........................................................................

6. पत्राचार का पता ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

7. मोबाईल नं0– ..........................................., ई–मेल आइडी0–..........................................
(यदि हो तो)

8. शैक्षणिक योग्यता

क. क्रमशः उच्चतम योग्यता से शुरु करते हुए न्यूनतम दसवी तक योग्यता अंकित करें।

ख. सारे योग्यताओं के स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र अवश्य संलग्न करें।

| परीक्षा का नाम | उर्तीणता वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

9. कोटि– (सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत वर्ग/एस0टी0/एस0सी0 ..........................................
(जाति प्रमाण–पत्र सहित)
10. शारीरिक रुप से विकलांग ..........................................................................
(प्रमाण पत्र सहित)

तिथि ..............................

स्थान..............................

आवेदक का हस्ताक्षर

## घोषणा

मैं उद्घोषित करता/करती हूँ कि मेरे विरूद्ध कोई थाना काण्ड दर्ज नही है। मैं किसी फौजदारी मामला में दण्डित नही हूँ।

उपर्युक्त सभी सूचनाएँ मेरी जानकारी में सही हैं, किसी भी स्तर पर सूचनाएँ गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर